Regarding need to complete construction of remaining portion of Agra-Tantpur Court Road in Uttar Pradesh declared as national highway-Laid

श्री राजकुमार चाहर (फतेहपुर सीकरी) **:** मैं अवगत कराना चाहता हूँ कि चंदौसी-आगरा-तांतपुर-कोर्ट मार्ग आगरा जनपद की जनता के लिये महत्वपूर्ण मार्ग है जो कि सी०ए०टी० मार्ग कहलाता है । जिसे चंदौसी से आगरा तक पूर्व में ही एन०एच० घोषित किया जा चुका है । मार्ग भी बन गया है परन्तु आगरा से तांतपुर-कोर्ट मार्ग का निर्माण नहीं किया गया है । अत: विशेष अनुरोध है कि आगरा-तांतपुर-कोर्ट मार्ग के शेष भाग का निर्माण कराने की कृपा करें जिससे यातायात में जनता को बड़ी राहत मिल सके ।